


# उज्जयिनी मनाएगी 19 मार्च को अपना गौरव दिवस

**उज्जैन। धर्म, अध्यात्म और संस्कृति की प्राचीन नगरी उज्जैन में 19 मार्च को विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत सृष्टि आरम्भ दिवस उज्जयिनी गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रामघाट सहित शहर के प्रमुख घाटों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। गौरव दिवस के माध्यम से उज्जयिनी की प्राचीन परंपरा, धार्मिक महत्व और आधुनिक विकास की उपलब्धियों को स्मरण किया जाएगा।**



उज्जैन को प्राचीन काल से धर्म और अध्यात्म की राजधानी के रूप में जाना जाता है। यह वही नगरी है जहां बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग विराजमान हैं और जहां पवित्र क्षिप्रा नदी के तट पर आस्था का अद्भुत संगम दिखाई देता है। उज्जैन की पहचान केवल एक धार्मिक शहर के रूप में ही नहीं बल्कि ज्ञान, ज्योतिष, दर्शन और संस्कृति के प्राचीन केंद्र के रूप में भी रही है। सम्राट विक्रमादित्य की राजधानी रही इस नगरी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को नई दिशा दी है। उज्जैन विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ कुंभ की नगरी भी है, जहां देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आते हैं। यहां के घाट, मंदिर और आश्रम सदियों से संत-महात्माओं की तपस्थली रहे हैं। हाल के वर्षों में बने भव्य महाकाल लोक ने उज्जैन को विश्व पर्यटन और आध्यात्मिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है उज्जैन का गौरव दिवस केवल परंपरा का उत्सव ही नहीं बल्कि शहर के तेजी से हो रहे विकास का भी प्रतीक बन रहा है। आने वाले वर्षों में सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर में व्यापक स्तर पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण, फोर लेन, टू लेन और सिक्स लेन सड़कों का निर्माण, नए ब्रिज, फ्लाईओवर, एयरपोर्ट और हेलिपैड जैसी सुविधाओं के साथ ही शहर के विभिन्न प्रवेश मार्गों पर भव्य स्वागत द्वार भी बनाए जा रहे हैं। घाटों का विकास, यातायात व्यवस्था और धार्मिक पर्यटन सुविधाओं को भी लगातार बेहतर किया जा रहा है, जिससे उज्जैन को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित किया जा सके।

### अधिकारियों ने लिया जायजा

उज्जयिनी गौरव दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों के तहत सोमवार शाम को संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजीपी राकेश गुप्ता और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल रामघाट और दत्त अखाड़ा घाट का निरीक्षण किया। रामघाट पर अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की आवाजाही, अतिथियों के आगमन मार्ग, सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, आतिशबाजी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अफसरों ने मंथन किया। श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्था की जा रही है।



## महापौर टटवाल की अध्यक्षता में बजट की पूंजीगत प्राप्तियों पर की चर्चा...

**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में सोमवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और मेयर इन काउंसिल के सदस्य की उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट अंतर्गत पूंजीगत प्राप्तियां पर विभाग वार चर्चा की गई।

आगामी चर्चा 18 मार्च सुबह 10 बजे से प्रारंभ की जाएगी। बैठक में एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, अनिल गुप्ता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, सुगन बाबूलाल बाघेला, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, सहायक लेखा अधिकारी सरिता मांडरे एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इधर मेयर इन काउंसिल की बैठक के पश्चात जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा चामुंडा माता स्थित पीएचई कंट्रोल रूम पर अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार एवं संबंधित के साथ पीएचई विभाग के बजट पर चर्चा की गई। जिसमें पूंजीगत प्राप्तियां एवं व्यय पर जानकारी ली गई।

## 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाए पंचायत सचिव और ठेकेदार

- लोकायुक्त टीम ने कायथा में की
- कार्रवाई, पूर्व में ले चुके थे 15 हजार

**उज्जैन।** लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को कायथा में रिश्वत लेते ग्राम पंचायत बोरदा मांडा के सचिव और ठेकेदार को रंगेहाथ पकड़ा। दोनों पूर्व में 15 हजार की रिश्वत ले चुके थे। पंचायत सचिव ने 45 हजार की डिमांड की थी। लोकायुक्त ने दूसरी किश्त के 30 हजार के साथ गिरफ्तार किया है।

लोकायुक्त निरीक्षक दीपक शेजवार ने बताया कि 12 मार्च को ग्राम बोरदा मांडा के सरपंच राजेश चतुर्वेदी द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि कि उसके द्वारा ग्राम पंचायत बोरदा मांडा में निर्माण कार्य करवाए गए हैं। किंतु ग्राम पंचायत सचिव दरबार सिंह राठौड़ द्वारा उनकी स्वीकृति के लिए 45 हजार रु की रिश्वत की मांग की जा रही हैं। 15000 रुपए पूर्व में ले लिए हैं। शिकायत की तस्दीक की गई जो सही पाई गई। सोमवार को लोकायुक्त की टीम ग्राम पंचायत सचिव को रंगे हाथ पकड़ने के लिए कायथा पहुंची। जहां शिकायतकर्ता राजेश चतुर्वेदी को रिश्वत की शेष राशि



30 हजार लेकर ग्राम पंचायत सचिव के पास भेजा गया। जहां पंचायत सचिव द्वारा रिश्वत की राशि लेकर अपने साथी ठेकेदार कमल बंजारा को दे दी। दोनों के रिश्वत लेते ही लोकायुक्त टीम ने दबिश मारी और पंचायत सचिव के साथ उसके साथी ठेकेदार को पकड़ लिया। रिश्वत लिए जाने की प्रक्रिया में उनके हाथ धुलवाए गए जिससे रिश्वत का रंग सामने आ गया।

### पत्र न्यायालय पेश होगा

दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जमानत रिहा किया गया है। जल्दी मामले में अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा। पंचायत सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए भी संबंधित विभाग को पत्र भेजा जाएगा। शेजवार के अनुसार रिश्वत लेने वालों को पकड़ने में उनके साथ श्याम शर्मा, संजीव कुमारिया, इसरार सहायक ग्रेड 3 रमेश डाबर व पंच साक्षी सहित 10 सदस्यों का दल शामिल था।

## दंपती को डंपर ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति गंभीर

**उज्जैन।** भतीजे के फांसी लगाने की खबर मिलने पर गमी में शामिल होने जा रहे वृद्ध दंपति को रास्ते में डंपर चालक ने कुचल दिया। दुर्घटना में पत्नी की मौत हो गई पति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम पाटपाला शराब दुकान के सामने टीवीएस एक्सएल पर सवार बुजुर्ग दंपत्ति को डंपर चालक ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि पत्नी की मौत हो चुकी है पति घायल है दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया और जानकारी जुटा गई तो मृतक पत्नी का नाम चंदाबाई कुसमरिया 52 वर्ष और घायल पति का नाम रतन कुसमरिया 55 वर्ष निवासी सिद्धिपुर निपानिया तहसील तराना होना सामने आया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि चंदा बाई के भतीजे जीवन में रविवार दोपहर ग्राम नरवर स्थित अपने घर पर फांसी लगा ली थी। उसकी मौत होने पर चंदाबाई और पति रतनलाल दोनों गमी में शामिल होने के लिए मानपुरा नरवर जा रहे थे। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद चंदाबाई का शव परिजनों को सौंपा। वहीं डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। परिजनों के अनुसार मृतक चंदाबाई के भतीजे जीवन पिता तेजू लाल धौलपुरे ने रविवार को सुसाइड नोट लिखने के बाद फांसी लगाई थी। जिसमें लिखा था कि मेरे बेटे को राखी बांधने वाली महिला भूरी पति राहुल ने मेरा घर बर्बाद कर दिया है। कुछ दिन पहले उसने मेरी बेटी को लखन नायक के साथ भगवा दिया था। मेरी समाज में काफी बदनामी हुई है इसलिए यह कदम उठा रहा हूं।

### एक नजर में




## रासेयो के विशेष शिविर का उद्घाटन

**उज्जैन।** भारतीय महाविद्यालय एवं भारतीय विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम चिंतामन जवासिया में किया गया। मुख्य अतिथि जीडीसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक थे। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सेवा का भाव मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा संस्कार है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरातत्ववेत्ता एवं संग्रहालय के अध्यक्ष डॉ. रमन सोलंकी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत उद्‌बोधन एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंडया ने दिया। स्वयंसेवकों को प्रेरणादायक संदेश संस्था की डायरेक्टर अमृता कुलश्रेष्ठ तथा भारतीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक ने दिया। शिविर की रूपरेखा एवं विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेधा तिवारी द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर भारतीय विद्यालय की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. रश्मि शर्मा तथा आफताब कुरैशी भी उपस्थित रहे। संचालन भारतीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेहाना शेख द्वारा किया गया। आभार भारतीय विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी उज्ज्वल सांखरे ने व्यक्त किया।



## समारोह में 150 किलो फूलों से खेली होली

**उज्जैन।** श्री दसनाम गोस्वामी मंडल, उज्जैन का वार्षिक पारिवारिक होली मिलन समारोह में समाजजनों ने 150 किलो फूलों के साथ होली खेली और पारंपरिक उत्साह के साथ पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति द्वारा फूल पाती निकालकर और पारंपरिक लोकगीत गायन के साथ किया गया। तत्पश्चात, उपस्थित अतिथियों ने आदि शंकराचार्य एवं भगवान दत्तात्रेय के चित्र का विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष विजय गिरि ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। आयोजन में भजन गायक नितेश गोस्वामी द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों की धुन पर समाजजनों ने 150 किलो फूलों के साथ जमकर होली खेली। समारोह में अक्षय भारती भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात स्वादिष्ट भोजन तथा उपवास रखने वालों के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। महंत कैलाशपुरी ने आभार माना। जानकारी महेश गिरि ने दी।




## जिपं सीईओ ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई

**उज्जैन।** जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट ने सोमवार दोपहर सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन से नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के नरवाई प्रबंधन प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नरवाई प्रबंधन प्रचार रथ जिले के कृषकों को नरवाई प्रबंधन अपनाने और खेत और पर्यावरण को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से बचाने के संबंध में जागरुक करेगा। इस अवसर पर किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उप संचालक यूएस तोमर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## देशी-विदेशी शराब के साथ पकड़ाया कार चालक

**उज्जैन।** देशी विदेशी शराब के साथ पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1.30 लाख रुपए कीमत की शराब बरामद हुई है। चालक को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। अवैध शराब से जुड़े कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

भाटपचनाना थाना पुलिस ने बताया कि रविवार सोमवार रात सूचना मिली थी कि कार में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। कार बड़नगर की ओर आने वाली है। सूचना पर पुलिस ने रुणीजा चौपाटी पर नाकाबंदी की और रात 1.30 बजे के लगभग कार क्रमांक एमपी 43 झेड्जी 5449 को रोक तलाशी ली जिसमें से आरसी व्हीस्की की 60 बोतल, आरसी व्हीस्की के कुल 144 क्वार्टर व चार पेटी देशी प्लेन शराब के 200 क्वार्टर कुल 106 बल्क लीटर देशी-विदेशी शराब बरामद हो गई। पुलिस के अनुसार चालक को हिरासत में लेकर कइको कार जब्त की गई। शराब की कीमत 1लाख 30 हजार रुपए होना सामने आई है, कार 6 लाख की है। चालक से पूछताछ में उसका नाम प्रेमसिंह उर्फ पिन्टू पिता जीवन लाल बंजारा निवासी ग्राम सिमलावदा थाना बिलपांक जिला रतलाम है। जिसे न्यायालय में भेज कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि कुछ और आरोपियों की अवैध शराब मामले में गिरफ्तारी हो सकती है।

## अक्षर नगर में साली ने कुल्हाड़ी से जीजा पर किया हमला

- घायल को अस्पताल लाया गया, पुलिस मामले की जांच कर रही है

**उज्जैन।** साली ने रविवार देर शाम कुल्हाड़ी से अपने जीजा पर हमला कर दिया। घायल जीजा को अस्पताल लाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नील गंगा थाना क्षेत्र के अक्षय नगर में रहने वाले गोकुल पिता सिद्धनाथ 52 साल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। गोकुल का एक हाथ बुरी तरह जख्मी था। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने चोट की वजह पूछी तो सामने आया कि गोकुल पर घर के पास रहने वाली साली रुकमाबई ने कुल्हाड़ी से हमला किया है। मामला विवाद का होने पर पुलिस को सूचना दी गई। दौरान सामने आया की पांच माह पहले गोकुल की बेटी घर छोड़कर भाग गई थी। दीवार में उसकी तलाश की और पुलिस को सूचना दी। लेकिन अब तक कुछ पता नहीं चला था। इस बीच रविवार को रुकमाबाई ने गोकुल की छोटी बहू से घर छोड़कर भागी बेटी के दस्तावेज मांगे। रुकमा के दस्तावेज मांगने पर शंका हुई की उसने ही बेटी को घर से किसी के साथ भगवाया है। इस बात की जानकारी लगने पर गोकुल घर के समीप रहने वाली साली रुकमा के घर पहुंचा और पूछताछ करने लगा इस दौरान विवाद होने पर रुकमा ने कुल्हाड़ी से हमला किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है रुकमा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

### भट्टे पर काम करने वाले युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** भट्टे पर काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ पाई है। नरवर थाना क्षेत्र के बलाई मोहल्ला में रहने वाले धर्मेंद्र पिता रमेश परमार 32 वर्ष में रविवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रेमबाई ने उसे फंदे पर लटका देखा तो आसपास के लोगों को सूचना दी। अरे मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और धर्मेंद्र का शव फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया की ईंट भट्टे पर काम करता था उसने फांसी क्यों लगाई है उसकी वजह पता नहीं है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू करदी है।

### शराब की बोतल छुपाई तो बक्के से काटा गला

**उज्जैन।** मामला सुसनेर के परसोलिया गांव का है जहां से रात में संजय पिता नारायण 30 साल को घायल हालत में उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया था। परिजनों ने बताया कि संजय शराब पीने का आदी है। रविवार को भी नशा कर घर लौटा था साथ में शराब की बोतल लाया था। संजय द्वारा घर में भी शराब पी जा रही थी इस दौरान परिजनों ने उसकी शराब की बोतल छुपा दी थी। इसी बात से गुस्सा होकर संजय ने पहले घर में वाद विवाद किया और बाद में बक्का उठाकर खुद का गला काट लिया। पुलिस के अनुसार मामला सुसनेर का होने पर जांच की जाएगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में जैन समाज के दंपतियों ने लगाए चौके-छक्के

**उज्जैन।** जैन समाज के युवाओं को खेल से जोड़ने और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्धमान ग्रुप द्वारा वर्धमान कपल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। सूर्या टर्फ पर 15 मार्च को इस अनूठे टूर्नामेंट के प्रथम सत्र का शानदार आगाज हुआ, जिसमें लगभग 120 दंपति साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पूरे टूर्नामेंट में 200 से अधिक दंपति हिस्सा ले रहे हैं। ग्रुप के अध्यक्ष हितेष-तनु बड़जात्या ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना और पूरे जोश के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन की सबसे खास बात महिलाओं का शानदार खेल रहा। जैन समाज की महिलाओं ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए चौके-छक्के जड़े, अर्धशतक बनाए और गेंदबाजी में विकेट भी चटकाए। कोषाध्यक्ष आदिश-खुशी विनायका ने आगामी मैचों की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार 21 मार्च को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद रविवार को सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच होंगे। खिताबी भिड़ंत के बाद विजेता व उपविजेता टीमों के साथ ही प्लेयर ऑफ द सीरीज को विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




### मंगलाचरण से हुई शुरुआत, एक साथ खेले

वर्धमान ग्रुप के सचिव राजेश-नमिता लुहाड़िया ने बताया कि मैचों की शुरुआत सभी टीमों द्वारा मंगलाचरण पाठ के साथ की गई। टूर्नामेंट में 6-6 ओवर के कुल 10 मैच खेले गए। इनमें 3 ओवर महिला वर्ग और 3 ओवर पुरुष वर्ग के लिए निर्धारित थे। हर टीम की ओर से एक महिला और एक पुरुष खिलाड़ी की जोड़ी साथ खेलती नजर आई।

## 'मां तुझे प्रणाम' में उज्जैन के छात्र का चयन

- राजस्थान की लोंगेवाला पोस्ट और तनोट माता मंदिर का करेंगे भ्रमण

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन की मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत निर्मला महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के छात्र सैनिक विशाल गोवाटिया का चयन भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा अनुभव यात्रा के लिए हुआ है। विशाल इस गौरवशाली योजना के तहत चयनित होने वाले निर्मला महाविद्यालय के पहले छात्र हैं।

अपनी छह दिवसीय यात्रा के दौरान विशाल राजस्थान स्थित भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा, ऐतिहासिक तनोट माता मंदिर और लोंगेवाला पोस्ट का भ्रमण करेंगे। योजना का उद्देश्य युवाओं के भीतर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाना और उन्हें सीमा पर तैनात सैनिकों के परिश्रम से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। निर्मला महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि 'मां तुझे प्रणाम' योजना का मूल मंत्र युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव को सुदृढ़ करना है। एंटोनी जोसेफ निरपपेल, फादर जोस कडप्पारेल, डॉ. कीर्ति डिड्डी सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।



## गणगौर में घूमर और कैटवॉक से सजी शाम

**उज्जैन।** फुटरी गणगौर ग्रुप के तत्वावधान में राजपूत क्षत्राणियों का विशेष गणगौर उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में क्षत्राणियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी। कार्यक्रम में अमृता राठौड़, डॉ. अनिता तोमर और रितु सिंह सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में पधारी और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके सफल आयोजन का दायित्व अंजु सोलंकी, प्रभा राठौड़ और ममता पंवार द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से ईसर-गणगौर की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात राजस्थानी संस्कृति का प्रतीक पारंपरिक घूमर नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। आयोजन के दौरान क्षत्राणियों के लिए कैटवॉक और विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

**अच्छी खबर...** विक्रम उद्योगपुरी फेज-2 में मिली 70 एकड़ जमीन, 580 करोड़ का निवेश, 1000 को मिलेगा रोजगार

## उज्जैन में बनेंगे बस और ट्रक, स्वीडन का वॉल्वो ग्रुप लगाएगा प्लांट

**उज्जैन।** स्वीडन की विश्वस्तरीय ऑटोमोबाइल कंपनी वॉल्वो ग्रुप और भारत की आयशर मोटर्स के संयुक्त उद्यम वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (वीईसीवी) जिले में एक और बड़ा औद्योगिक निवेश करने जा रही है। कंपनी को यूनिट के विस्तार के लिए विक्रम उद्योगपुरी फेज-2 में भी 70 एकड़ जमीन आवंटित की गई है, जहां लगभग 580 करोड़ रुपए के निवेश से अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। इसके बाद उज्जैन में वॉल्वो के बस और ट्रक बनने लगेंगे। यह निवेश मेक इन मध्यप्रदेश, मेक फॉर इंडिया के विजन को मजबूत करते हुए उज्जैन को उभरते औद्योगिक शहर के रूप में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस नए प्लांट में गियर, एक्सल असेंबली, ट्रांसमिशन और अन्य ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से करीब 1000 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। ऑटो पार्ट्स सप्लाई, ट्रांसपोर्ट, वेयरहाउसिंग, मशीन मेंटेनेंस, सुरक्षा और कैंटीन जैसी सहायक सेवाओं में स्थानीय युवाओं और छोटे उद्यमियों को काम मिलने की संभावना है।



### उज्जैन के विकास के लिए महती प्रोजेक्ट

एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने कहा कि विक्रम उद्योगपुरी फेज-2 में वीई कमर्शियल व्हीकल्स जैसी वैश्विक कंपनी का निवेश उज्जैन के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रोजेक्ट से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर बनेंगे और विक्रम उद्योगपुरी क्षेत्र में ऑटोमोबाइल एवं सहायक उद्योगों के विकास को गति मिलेगी। एमपीआईडीसी द्वारा निवेशकों को बेहतर औद्योगिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।